राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हुए कैप्टन आशुतोष कुमार सहित सभी चारों जवानों की शहादत को नमन किया

पटना, 09 नवम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने जम्मू–कश्मीर के माछिल सेक्टर में आंतकियों के साथ हुई मुठभेड़ में बिहार के मधेपुरा जिलान्तर्गत घैलाढ़ प्रखंड स्थित जागीर गाँव निवासी भारतीय सेना में कार्यरत कैप्टन आशुतोष कुमार सहित सभी चारों भारतीय जवानों की शहादत को नमन किया है।

राज्यपाल श्री चौहान ने उक्त घटना में शहीद हुए कैप्टन आशुतोष एवं अन्य सभी शहीदों की वीरता और साहस की सराहना की है। राज्यपाल ने कहा है कि देश की एकता, अखंडता, सम्प्रभुता और अमन–चैन के लिए दी गई कैप्टन आशुतोष एवं अन्य भारतीय जवानों की शहादत को पूरा भारतवर्ष सदैव याद रखेगा।

राज्यपाल ने कहा है कि पूरा बिहार और सम्पूर्ण देश आज शहीद–परिवारों के साथ खड़ा है। राज्यपाल ने दिवंगत शहीदों की आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....